
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

वर्ष- 11 अंक - 46 साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार , 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 2 रू.



14 दिसंबर को ही मनाया था अपना 90 वां जन्मदिन

## फिल्म मेकर श्याम बेनेगल का निधन

**मुंबई एजेंसी।**

फिल्ममेकर श्याम बेनेगल का सोमवार को सात बजे मुंबई के लीलावती अस्पताल में निधन हो गया। 14 दिसंबर को ही उन्होंने अपना 90वां जन्मदिन मनाया था। वो कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मुंबई के लीलावती अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अंकुर, निशांत, मंथन जुबैदा, वेलकम टू सज्जनपुर और भूमिका जैसी फिल्मों के लिये चर्चित बेनेगल पेरेलल सिनेमा के अग्रणी निर्देशकों में शुमार किये जाते हैं। श्याम को 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था।




श्याम बेनेगल की फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को बेहतरीन कलाकार दिए। इनमें नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, अमरीश पुरी, अनंत नाग, शबाना आजमी, स्मिता पाटिल और सिनेमेटोग्राफर गोविंद निहलानी प्रमुख हैं। जवाहरलाल नेहरू और सत्यजीत रे पर डॉक्युमेंट्री बनाने के अलावा उन्होंने दूरदर्शन के लिए धारावाहिक यात्रा, कथा सागर और भारत एक खोज का भी निर्देशन किया।

इंदिरा गांधी ने श्याम बेनेगल के बारे में कहा था कि उनकी फिल्में मनुष्यता को अपने मूल स्वरूप में तलाशती हैं। सत्यजीत रे के अवसान के पश्चात श्याम ने उनकी विरासत को संभाला है और इसे समकालीन संदर्भ प्रदान किया है। वह बॉलीवुड के बड़े फिल्ममेकर्स में से एक थे, जिन्होंने बड़े पर्दे पर अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। श्याम बेनेगल की फिल्मों के कई कलाकारों के करियर को नई पहचान मिली। उनका जन्म हैदराबाद में साल 1934 में हुआ था।

घर में फिल्मी माहौल होने के कारण श्याम बेनेगल की शुरुआत से फिल्मों की रुचि रही थी। यही वजह है कि उन्होंने 12 साल की उम्र में पहली फिल्म की। श्याम बेनेगल ने अपने करियर की शुरुआत साल 1959 में एक विज्ञापन एजेंसी से की थी। इसके बाद उन्होंने 1962 में एक गुजराती डॉक्योमेंट्री घर बैठा गंगा की। श्याम बेनेगल की हिंदी सिनेमा में असली पहचान फिल्म अंकुर से मिली थी। यह फिल्म 1974 में आई थी।

## सरकार ने खत्म की 'नो डिटेंशन पॉलिसी'



### शिक्षा मंत्रालय ने बदल दी स्कूलों के लिए नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों के लिए राइट टू चिल्ड्रेन टू फ्री एंड कंप्लसरी एजुकेशन एक्ट 2009 (RTE Act 2009) में बदलाव किए हैं। इस बदलाव के बाद अब स्कूल कक्षा 5वीं और 8वीं कक्षा में असफल हुए बच्चों को फेल कर सकते हैं। नियमों में यह संशोधन बच्चों के लिए राइट टू चिल्ड्रेन टू फ्री एंड कंप्लसरी एजुकेशन एक्ट 2009 (RTE Act 2009) में 2019 में इस सुधार को शामिल करने के लिए संशोधन किए जाने के पाँच साल बाद किया गया है। इससे पहले इस एक्ट में राज्यों को कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों के लिए 'रेगुलर एग्जाम' आयोजित करने और फेल करने अनुमति नहीं दी थी।

## अब गरीब आदमी घर पर ही पॉपकॉर्न बनाकर खाएगा

### जीएसटी लगाने के फैसले पर, इमरान प्रतापगढ़ी की स्पीच वायरल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी बैठक में सरकार ने पॉपकॉर्न पर भी जीएसटी लगा दिया है जिसके बाद पूरे देश में अजीब सी हलचल मच गई है। वहीं पॉपकॉर्न पर तीन अलग-अलग श्रेणियों में जीएसटी लागू होने की खबर ने लोगों को हिला कर रख दिया है। सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर यूजर्स की प्रतिक्रियाएं व मीम्स की बाढ़ आ गई है। इसी बीच सांसद और मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी का एक भाषण तेजी से वायरल हो रहा है।

खबरों के मुताबिक पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी, 12फीसदी और 18 फीसदी तक की अलग-अलग जीएसटी दरें लागू की जा रही हैं, जो इसकी पैकेजिंग और बिक्री के स्वरूप पर निर्भर करती हैं।

इसमें अनपैक्ड पॉपकॉर्न 5 फीसदी, पैक्ड और ब्रांडेड पॉपकॉर्न पर 12 फीसदी और रेस्टोरेंट या मल्टीप्लेक्स में बेचा जाने वाला पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी लगाया गया है। केंद्र सरकार के इस फैसले ने लोगों को नाराज़ कर दिया है खासकर जो सिनेमाघरों में पॉपकॉर्न को पहले ही महंगा मानते थे। अब तो 18 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया है।

इमरान प्रतापगढ़ी की स्पीच में उन्होंने मजाकिया और व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि अब गरीब आदमी घर पर पॉपकॉर्न बनाकर खाएगा या उसे सोचना पड़ेगा कि जीएसटी के चक्कर में भूखा ही रह ले।

### पीएम मोदी ने 71 हजार युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा-

## सरकारी नौकरियां अब पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देशभर में आयोजित रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जॉइनिंग लेटर सौंपे। यह रोजगार मेला पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का दूसरा आयोजन है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार ने करीब 10 लाख पक्की नौकरियां दी हैं। ऐसा पहले की सरकारों में नहीं हुआ। युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो रहा है।

पीएम मोदी ने बताया कि रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी और अब तक 14 मेले आयोजित हो चुके हैं। इन मेलों में 9.22 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। पिछला मेला 29 अक्टूबर 2024 को हुआ था, जिसमें 51 हजार से ज्यादा नियुक्तियां हुई थीं। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने का संकल्प लिया। हर नीति और निर्णय के केंद्र में युवा शक्ति है। सरकारी नौकरियां अब पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। किसी भी देश का विकास युवाओं के श्रम, सामर्थ्य और नेतृत्व से होता है।



पीएम ने भारत की अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों को लेकर कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। स्पेस और डिफेंस सेक्टर में नीतियां बदली गई और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया गया, जिससे युवाओं को नए अवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि आज हजारों बेटियों को नियुक्ति पत्र मिले हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें। गर्भवती महिलाओं के लिए 26 हफ्ते की छुट्टी, सुकन्या समृद्धि योजना, जनधन खाते और मुद्रा योजना जैसे कदमों ने महिलाओं को मजबूत किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज का युवा अपने स्टार्टअप के लिए पूरा इकोसिस्टम तैयार पाता है। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा देश है। स्पेस, डिफेंस, टूरिज्म और वेलनेस जैसे क्षेत्रों में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे देश के विकास में योगदान दें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## कड़ाके की ठंड और बर्फबारी जारी, श्रीनगर की डल झील और बद्रीनाथ का झरना जमा

### उत्तराखंड में पारा माइनस 10 डिग्री, मध्यप्रदेश-राजस्थान में बारिश का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तराखंड में तापमान माइनस 10 डिग्री पर पहुंच गया है। बद्रीनाथ धाम के पास उर्वशी धारा झरना जम गया है। वहीं, श्रीनगर की डल झील पर आधे इंच मोटी बर्फ की परत जमा हो गई। 21 दिसंबर की रात श्रीनगर में 50 सालों की सबसे ठंडी रात रही, जहां तापमान माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया।

जम्मू-कश्मीर में चिल्लई कलां का दौर शुरू हो गया है, जिसमें ठंड अपने चरम पर होती है। जोजिला में तापमान माइनस 25 डिग्री तक पहुंच गया। अन्य इलाकों में सोनमर्ग -5.1, पहलगाम -5.0, गुलमर्ग -4.8, और लेह -9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कश्मीर के कई हिस्सों में झीलें और जलस्रोत जमने लगे हैं।

मध्यप्रदेश में 23 से 28 दिसंबर के बीच बारिश और ओलों का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में मौसम बदलने की संभावना जताई है। वहीं, राजस्थान में भी बारिश हो सकती है। 24 दिसंबर यानी मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, असम और मेघालय में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में शीतलहर और दक्षिण भारत में रायलसीमा और आंध्र प्रदेश में तेज बारिश हो सकती है।

25 दिसंबर को पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली और हिमाचल में सीवियर कोल्डवेव। दक्षिण भारत में तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश की संभावना है। वहीं 26 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और मध्य प्रदेश में तेज बारिश हो सकती है। महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में भी बारिश का अनुमान है।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने चिल्लई कलां के मद्देनजर कॉलेजों में विंटर वेकेशन की घोषणा कर दी गई है। कश्मीर और जम्मू के विंटर जोन के कॉलेज 27 दिसंबर से 14 फरवरी तक बंद रहेंगे। जम्मू के समर जोन के कॉलेज में 1 जनवरी से 10 जनवरी तक छुट्टियां रहेंगी। कड़ाके की ठंड के बावजूद कश्मीर घाटी में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुलमर्ग और पहलगाम जैसे इलाकों में बर्फबारी का आनंद लेने पर्यटक पहुंच रहे हैं। मौसम के इस बदलाव से न सिर्फ जनजीवन पर असर पड़ रहा है, बल्कि खेती और जल स्रोतों पर भी इसका गहरा असर पड़ने की संभावना है।

## बांग्लादेश की भारत से मांग, शेख हसीना को वापस भेजें

### यूनुस सरकार ने भारत को प्रत्यर्पण के लिए लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग के लिए भारत को पत्र लिखा है. बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा, ÷हमने भारत सरकार से कहा है कि बांग्लादेश सरकार चाहती है कि शेख हसीना न्यायिक प्रक्रिया के लिए बांग्लादेश वापस आएं।



सोमवार को ही गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम ने कहा कि उनके मंत्रालय ने विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत से वापसी की मांग करने को कहा है. इसके बाद ही बांग्लादेश विदेश मंत्रालय ने भारत से शेख हसीना की प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है।

# ट्रैफिक पुलिस को लगे बॉडीवॉर्न कैमरे

### ट्रैफिक पुलिस को बॉडीवॉर्न कैमरे लगाए गए हैं।

इंदौर। इन कैमरों में चालान कैप्चर होंगे, साथ ही विवाद की स्थिति में हकीकत जानने के लिए इनकी रिकॉर्डिंग देखी जा सकेगी। ट्रैफिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए इन कैमरों को लगाया गया है। साथ ही किसी भी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति से बचने और



हकीकत जानने के लिए ये कैमरे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराए गए हैं।

सब इंस्पेक्टर और सूबेदार स्तर के अधिकारी चालानी कार्रवाई, व्यवस्था के दौरान वर्दी पर इन कैमरों को लगाते हैं। बॉडी वार्न कैमरे देने का उद्देश्य यह है कि पुलिस और जनता के बीच पारदर्शिता बनी रहे। बॉडी वार्न कैमरे से ट्रैफिक पुलिस को अपने काम में काफी मदद मिल रही है।

# आंदोलन
# अब आमरण अनशन पर बैठे एमपीपीएससी के अभ्यर्थी

रणजीत टाइम्स

इंदौर। एमपीपीएससी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। 18 दिसंबर बुधवार को शुरू हुआ आंदोलन अब प्रदेश स्तर पर बढ़ने लगा है। इंदौर के आसपास के छात्र भी आंदोलन में शामिल होने के लिए आने लगे हैं। बुधवार सुबह 10 बजे डीडी पार्क से नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के बैनर तले अभ्यर्थियों ने एमपीपीएससी न्याय यात्रा निकाली थी। हजारों अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए थे। गुरुवार रात भी छात्र मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के दफ्तर के बाहर कड़ाके की ठंड में बैठे रहे। इससे पहले गुरुवार को दिन में पुलिस प्रदर्शनकारियों का माइक और स्पीकर भी छीन कर ले गई थी। शाम को यूनियन के सदस्य और अभ्यर्थी आयोग के अधिकारियों से भी मिले, लेकिन मांगों को लेकर कोई निराकरण नहीं होने पर अरविंद और राधे जाट आमरण अनशन पर बैठ गए। इसके लिए यूनियन के नेशनल कमेटी मेंबर और अनशन पर बैठे राधे जाट ने एक वीडियो जारी कर लोक सेवा आयोग को चूड़ी भेंट करने की अपील की। इसमें प्रदर्शन में शामिल होने आ रहे प्रदेश के समस्त अभ्यर्थियों और स्टूडेंट्स को अपने साथ चूड़ियां लेकर आने के लिए कहा गया। बता दें कि विभिन्न मांगों को लेकर एमपीपीएससी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन 36 घंटे से भी ज्यादा समय से जारी है। बुधवार सुबह 10 बजे डीडी पार्क से नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के बैनर तले अभ्यर्थियों ने एमपीपीएससी न्याय यात्रा निकाली थी। हजारों अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए थे। यात्रा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के दफ्तर के बाहर खत्म हुई थी। अपनी मांगों को लेकर अभ्यर्थी आयोग के अधिकारियों से चर्चा कर अपनी मांगें मनवाना चाहते थे। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अभ्यर्थी आयोग के दफ्तर के बाहर ही धरने पर बैठ गए थे। बुधवार की रातभर भी अभ्यर्थी दफ्तर के बाहर बैठे रहे। गुरुवार को दिनभर भी अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। इधर, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी धरना प्रदर्शन में अभ्यर्थियों से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने अभ्यर्थियों से चर्चा की और मोहन सरकार को भी घेरा। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन की राष्ट्रीय कमेटी के सदस्य राधे जाट ने बताया कि धरना प्रदर्शन में कई छात्राएं भी शामिल है। मगर प्रशासन ने यहां ना तो पीने के पानी की व्यवस्था की है और ना ही टॉयलेट की।



### अभ्यर्थियों को मिला जयस का समर्थन

एमपीपीएससी के अभ्यर्थियों के हित की इस लड़ाई में जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने अपना पूर्ण समर्थन दिया है। शुक्रवार को जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. लोकेश मुजाल्दा और जयस छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल बघेल अपनी टीम के साथ आंदोलन स्थल पर पहुंचे और छात्रों को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि जयस और जयस छात्र संगठन हमेशा छात्रों के हित में खड़ा रहा है। यह बेहद चिंताजनक है कि मध्यप्रदेश का भविष्य अपने अधिकारों के लिए सड़क पर बैठकर संघर्ष करने को मजबूर है। आयोग को छात्रों की मांगों को तुरंत स्वीकार करना चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

## भाजपा पार्षद जुआ खेलते पकड़े गए, 2 लाख 54 हजार रुपए जब्त

रणजीत टाइम्स

इंदौर। खजराना इलाके के वार्ड-40 के भाजपा पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार और उनके साथियों को पुलिस ने जुआं खेलते पकड़ा है। इंदौर की कनाड़िया पुलिस ने गुरुवार देर रात यह कार्रवाई की। पुलिस देर रात सभी को थाने लाई और जुआं एक्ट में कार्रवाई करने के बाद सभी को जमानत दे दी। भाजपा पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार को कार्रवाई से बचाने के लिए भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने रात में पुलिस अधिकारियों को फोन किए। हालांकि अधिकारियों ने दबाव में न आते हुए कार्रवाई की और पुष्पेन्द्र को आरोपी बनाया। जानकारी के मुताबिक बरसाना गार्डन बायपास रोड से पुलिस ने रात में 5 लोगों को जुआं खेलते हुए पकड़ा। इनमें भाजपा नेता पुष्पेन्द्र कैलाश चंद्र पाटीदार, निवासी खजराना, प्रदीप यशोदा नंद गुप्ता, निवासी गणेशपुरी, दीपक गोकुलदास मोहनवाने, निवासी अनुराग नगर, भरत केदारमल अग्रवाल, निवासी शालीमार टाउनशिप तिलक नगर और धीरज प्रकाश जैन, निवासी खजराना शामिल हैं। आरोपियों के पास से करीब 2 लाख 54 हजार रुपए जब्त किए गए।

जानकारी के मुताबिक बरसाना गार्डन बायपास रोड से पुलिस ने रात में 5 लोगों को जुआं खेलते हुए पकड़ा। इनमें भाजपा नेता पुष्पेन्द्र कैलाश चंद्र पाटीदार, निवासी खजराना, प्रदीप यशोदा नंद गुप्ता, निवासी गणेशपुरी, दीपक गोकुलदास मोहनवाने, निवासी अनुराग नगर, भरत केदारमल अग्रवाल, निवासी शालीमार टाउनशिप तिलक नगर और धीरज प्रकाश जैन, निवासी खजराना शामिल हैं। आरोपियों के पास से करीब 2 लाख 54 हजार रुपए जब्त किए गए।

## अरशद ने हरीश बनकर शादी के लिए धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

इंदौर। एक युवती के साथ दुष्कर्म करने और शादी का झांसा देकर शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी का नाम अरशद है, लेकिन वह हरीश बनकर युवती से मिलता रहा। अरशद युवती के साथ मंदिरों में जाकर दर्शन भी करता था। वह गणेश विसर्जन और दुर्गा विसर्जन के समय भी युवती के साथ जाता था, ताकि उसे पता न चले कि वह दूसरे धर्म का है। युवती चंदन नगर क्षेत्र की रहने वाली है और आरोपी भी उसी इलाके में रहता है। आरोपी ने युवती के साथ कई बार संबंध बनाए। जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला तो उसने कहा कि पहले धर्म परिवर्तन करना होगा। हकीकत पता चलने के बाद युवती नाराज हो गई तो आरोपी उसे धमकाने लगा। इसके बाद युवती ने थाने में जाकर शिकायत की। युवती को आरोपी के पिता, भाई और तीन महिलाओं ने भी धमकाया। वे युवती पर धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती को जब पता चला कि हरीश का असली नाम अरशद है तो वह हकीकत जानने के लिए उसके घर पहुंची। घर पर अरशद का भाई साबिर था। युवती ने विवाद किया तो साबिर उसे चाकू दिखाकर कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती अपने घर पहुंची और गुमसुम रहने लगी। उसने मां को इस बारे में नहीं बताया। बाद में युवती हिंदू संगठन से जुड़े पदाधिकारियों के संपर्क में आई और थाने जाकर शिकायत की।

# व्यापारी से ऑनलाइन ठगी, दिल्ली से कॉल कर रुपए ट्रांसफर कराए

रणजीत टाइम्स

इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने लाखों रुपए की ठगी के मामले में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों ने इंदौर के बिजनेसमैन को दिल्ली से कॉल कर कई अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कराए है। जिन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर हुए है उन लोगों को पकड़ने के लिए कई टीमें प्रदेश के बाहर गई हैं। सुशील कुमार श्रीवास्तव ने 47 लाख 70 हजार की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके अनुसार उन्होंने एचडीएफसी का एक्सीडेंटल प्लान लिया था। जिसकी वैल्यू 15 लाख थी। जनवरी 2024 से प्रीमियम नही भरा। पॉलिसी में जमा रुपए लेने के लिए उन्होंने एक वेबसाइट में संपर्क किया, जहां से एक टोल फ्री नंबर दिया गया। फरियादी ने दिए गए नंबर पर संपर्क कर पॉलिसी में जमा रुपए वापस देने की बात कही। लेकिन तब जानकारी नहीं मिली।

### 30 सितंबर को आया पहला कॉल



सुशील के पास 30 सितंबर को अनजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने अपना नाम विनीत शुक्ला बताया। पॉलिसी पर कोई क्लेम नहीं लेने की बात कही। बीमा कंपनी से एनओसी लेने के लिए भी कहा। तब सुशील ने लोकपाल में शिकायत दर्ज कराने और मामले में जल्द निपटान करने के लिए कहा।इस दौरान ठगों द्वारा सुशील कुमार को बताया गया कि आपका अमाउंट लोकपाल के अधिकृत अकाउंट से ट्रांसफर किया जाएगा। जिसमें कार्रवाई के बाद बीमा कंपनी हमें पे करेगी। इस दौरान फरियादी ने वरिष्ठ अफसरों को शिकायत भेजने की बात कही।

### बैंक का जोनल मैनेजर बन एनओसी देने को कहा

1 अक्टूबर को ठग ने खुद को बैंक का जोनल मैनेजर डीएस मल्होत्रा बताते हुए सुशील को कॉल किया। ठगों द्वारा कहा कि आपने सीधे लोकपाल में शिकायत कर दी। आपको पहले बीमा कंपनी में बात करना चाहिए थी। अब 44 हजार रुपए ही वापस किए जाएंगे। इस दौरान एक कोड हटाने के लिए कुछ रुपए अकाउंट में मांगे गए। जिसका भुगतान फरियादी ने किसी नितिन सागर नाम व्यक्ति के कोटक बैंक अकाउंट में किया।

### 4 दिन बाद अकाउंट वैरिफिकेशन के नाम पर फिर ठगा

इसके बाद 5 अक्टूबर को किसी रहेजा नाम के व्यक्ति ने फरियादी से संपर्क कर बताया कि 10 लाख से ज्यादा का पेमेंट अकाउंट में किया जाना है। इस लिए दूसरा अकाउंट देना होगा। तब सुशील ने एचडीएफसी का अकाउंट नंबर दिया। इसके बाद दोनों बैक अकाउंट के वैरिफिकेशन की बात कही गई।जिसमें बैंक पॉलिसी के हिसाब से दोनों अकाउंट में करीब ढाई लाख का पेमेंट मांगा गया। यह अमाउंट बबलू पटेल नाम के व्यक्ति के अकाउंट में डलवाए गए। 8 अक्टूबर को रहेजा ने कॉल कर बताया कि उन्होंने जो पेमेंट डाला वह नही मिला। साथ ही 3 लाख 49 हजार का पेमेंट दोबारा डालने की बात कही। जो मनोज बाबू के नाम से था। तब सुशील के तरफ से यह अमाउंट भेजा गया।

# प्रदेशभर में कई जगह खाली पड़ी, वहां जला दो कचरा



**धार।** भोपाल गैस त्रासदी के 40 वर्ष पुराने विनाशकारी कचरे को पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्लांट में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरा जलाने की तैयारी की जा रही है। विभिन्न संगठनो ने केंद्र और राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कचरा पीथमपुर में न जलाने की मांग की है। जहरीले कचरे के जलने से वातावरण में अत्यधिक खतरनाक गैसें, जैसे- डाइऑक्सिन और फ्यूरन, निकल सकती हैं। ये गैसें न केवल हवा को प्रदूषित करेंगी, बल्कि जल और मिट्टी को भी विषाक्त बना सकती हैं। इससे स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा हो सकता है, जिसमें श्वसन संबंधी बीमारियां, कैंसर, और बच्चों में जन्म दोष जैसे असर शामिल हैं।

रोजाना अधिकारी और वैज्ञानिक आकार सैंपल ले रहे है और निरीक्षण कर रहे है। लेकिन उक्त कचरे को जलाने की योजना पर सवाल उठना शुरू हो गए है। साल 2015 में 10 टन कचरा ट्रायल के तौर पर जलाया गया था, तब इसके भयानक परिणाम सामने आए थे। आसपास के जलस्त्रोतों का पानी काला पड़ गया था और खेती पूरी तरह बंजर हो गई थी। अब, अगर 376 टन कचरा जलाया जाता है, तो इसके प्रभाव और भी विनाशकारी हो सकते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद ली जा सकती है

विशेषज्ञ रचना ढींगरा ने बताया कि कि कचरे के निस्तारण के अन्य विकल्प, जैसे- बायोरेमिडिएशन या सुरक्षित लैंडफिलिंग, पर विचार किया जाना चाहिए। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद ली जा सकती है। भोपाल गैस त्रासदी का दर्द आज भी ताजा है। ऐसे में इसके जहरीले कचरे को जलाने से पहले सरकार को गंभीरता से सोचने और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है। अगर जल्दबाजी में फैसला लिया गया, तो इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ सकता है। कचरे को साढ़े तीन महीने तक जलाया जाएगा। इस प्रक्रिया से एक लाख से अधिक लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बताया।

### कल धरना प्रदर्शन करेगी कांग्रेस, जीतू पटवारी आएंगे

यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को पीथमपुर में जलाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पटवारी 22 तारीख दिसंबर को यूनियन कार्बाइड भोपाल गैस त्रासदी से जुडा जहरीला कार्बाइड का कचरा पीथमपुर में जलाया जाने विरोध में महाराणा प्रताप बस स्टैंड पीथमपुर में धरना पर्दशन करेंगे।

### एक टन कचरा जलाने पर खर्च ही होंगे 37 लाख रुपए

पीसीबी के एक्सपर्ट्स के मुताबिक इतने घातक कचरे को सीधे इंसीनरेटर में जलाया नहीं जा सकता। इसे दूसरे पदार्थ और कैमिकल मिलाकर न्यूट्रलाइज किया जाता है फिर जलाया जाता है। इससे राख ज्यादा निकलती है। 10 टन कचरे की राख 40 टन निकली और फिर उसे दफन किया गया था। विशेषज्ञों की मानें तो 337 टन कचरा जलाने पर 1600 टन राख (अवशेष) बचेगी। सरकार ने 126 करोड़ 337 टन कचरा जलाने के लिए तय की है, उस आधार पर एक टन कचरे के लिए करीब 37 लाख खर्च होंगे।

### विरोध के बाद धुआं नहीं छोड़ रहे

तारपुरा क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि तारपुरा में पानी के लिए कोई स्त्रोत नहीं है। बोकनेश्वर मंदिर की बावड़ी के पानी से ही पूरे गांव की प्यास बुझती थी, पर सालों से बावड़ी का पानी पीने योग्य ही नहीं रहा। अब नगर पालिका द्वारा दिए जा रहे नर्मदा के पानी से प्यास बुझाते हैं। तारपुरा के ग्रमीण बताते है कि कि प्लांट की चिमनी से प्रतिदिन शाम को धुआं छोड़ा जाता है। यह स्थिति रातभर रहती है। धुआं पूरे गांव में फैल जाता है। जब से भोपाल के कचरे को जलाने का विरोध शुरू हुआ है, तब से धुआं छोड़ना बंद कर दिया।

### सरकार और संबंधित विभागों से सवाल

1. क्या इतनी बड़ी मात्रा में कचरा जलाने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए हैं?
2. क्या ट्रायल के दौरान हुए नुकसान की जिम्मेदारी तय की गई थी?
3. स्थानीय लोगों और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर क्या कोई विस्तृत अध्ययन किया गया है

### जनता की जान खतरे में

हमने अपनी जमीन और पानी खो दिया। जनता की भी जान खतरे में है। सरकार को इस मुद्दे पर पुनर्विचार करना चाहिए। इसको लेकर हम नगरपालिका में अप्रस्ताव भी पारित कर चुके हैं। उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही।
-सेवंती पटेल, अध्यक्ष नपा पीथमपुर

### इसको लेकर विरोध करेंगे

हम धार पीथमपुर और इंदौर को गैस त्रासदी के मामले में दूसरा भोपाल नहीं बनने देंगे। इसको लेकर 22 दिसम्बर में पीथमपुर में जिला कांग्रेस धरना प्रदर्शन करेगी।
-जीतू पटवारी प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस

# बोरी बंधान बनाकर लोगों ने सहेजा नाले का पानी



**कसरावद।** ग्राम बिलवा में जन अभियान परिषद एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर नाले के बहते हुए पानी में बोरी बंधान कर पानी को सहेजा। जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जनसमृद्धि फाउंडेशन के सुधीर सराफ ने बताया कि ग्राम पंचायत जलखा के ग्राम बिलवा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम के पास स्थित नाले में बोरी बंधान किया। ग्रामीणों ने श्रमदान कर खाली बोरियो में रेत मिट्टी भर कर उन्हें बहते पानी में जमा कर पानी को रोका। ग्रामीणों ने बताया कि बोरी बंधान होने से पानी रुकेगा, जिससे आस पास के खेतों में पानी की पूर्ति हो पाएगी साथ ही कुएं में भी जल स्तर में सुधार होगा। जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई ने बताया कि। परिषद की समितियों के माध्यम से जल सर्वद्धन हेतु बोरी बंधान किए जा रहे है। इससे जल सर्वद्धन भी होगा और ग्रामीणों में पानी बचाने के प्रति जागरूकता आएगी। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के राकेश वर्मा, गणस्या वास्कले, संतोष चौहान, कमलेश वास्कले, रमेश, सचिन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

# ग्राम पंचायत दुधवास के सचिव को जिला पंचायत में किया अटैच

**मूंदी।** ग्राम पंचायत दुधवास के सचिव भैया लाल चौहान को दुर्गा पंचायत से हटकर जिला पंचायत खंडवा में अटैच कर दिया गया है। बताते हैं कि पिछले दिनों जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी गोडा के आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार दूसरा पंचायत में अतिरिक्त प्रभार के खैगांव पंचायत सचिव दिनेश चौहान को सौंपा। बताया जा रहा है कि सचिव भैयालाल चौहान की कार्यप्रणाली से ग्रामीण असंतुष्ट थे और सीएम हेल्पलाइन में कई शिकायत हो रही थी 181 की शिकायत होने और वह निराकरण के प्रयास सचिव भैया लाल चौहान के द्वारा ना करना और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था इस वजह से सचिव भैया लाल चौहान को जिला पंचायत खंडवा में अटैच किया गया खैगांव के ग्राम पंचायत सचिव विनोद चौहान को सौपा गया।

### ऐसी और ग्राम पंचायतों की शिकायतें लंबित

पुनासा जनपद की ऐसी कई और ग्राम पंचायत है जहां पर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 और लिखित शिकायत जिसमें सरकारी राशि दोहन भ्रष्टाचार घटियाकार्य मनमाना खर्च फर्जी बिलवाउचर को लेकर की गई इस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और कई ग्राम पंचायत के तो ताले भी नहीं खुलते यदि इस और भी जिले के वरिष्ठ अधिकारीयों ने गंभीरता से ध्यान दिया तो कहीं और मामले के खुलासे होकर कार्रवाई कर रहा देख रहे हैं।

# बुरहानपुर में शुगर मिल का औद्योगिक भ्रमण कराया गया

**खंडवा।** बीज प्रौद्योगिक/बायो विभाग के पूनम चंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय के छात्रों का बुरहानपुर में शुगर मिल का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। विभाग अध्यक्ष वैशाली खेडे द्वारा औद्योगिक भ्रमण संयोजन में साहयक प्राध्यापक, प्रशांत चौरे, पदमा पटेल, सोनाक्षी अरझरे बी. एस.सी.बीएड विभागअध्यक्ष मोहित कोचले शामिल रहे।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि संसदीय क्षेत्र की एकमात्र नवलसिंह सहकारी शुगर मिल




के भ्रमण दौरान विद्याथि4यों को कारखाने के लेब इंचार्ज जगदीश पटेल छात्रो के मार्गदर्शक रहे। विद्यार्थियों को गन्ने से शुगर बनाने तक कि सम्पूर्ण जानकारी जगदीश पटेल द्वारा दी गई, विद्यार्थियों ने शुगर केन व्हींग झोन, क्राशींग मशीन, बोइलरस,क्लेरीफायर्स, बगासे रिसायकल रियूस फ्यूल केसे बनाया जाता है, खराब गन्ने का बचा हुआ हिस्सा का पुनः उपयोग, आधुनिक जल पुनर्भरण पुनः उपयोग पुनर्निर्माण उपयोग प्रणाली के महत्व को समझा जो पर्यावरण को संरक्षण में सहायक है।

### चीनी उत्पादन में श्रमिकों की भूमिका समझी

छात्र-छात्राओं ने श्रमिको से बात कर उनके अनुभवो और चीनी उत्पादन में उनके भूमिका को जाना, यह शैक्षणिक दौरा छात्र-छात्राओ और प्राध्यापको के लिए ज्ञानवर्धक रहा जिसमें उत्पाद के सतत उपयोग और औद्योगिक प्रक्रियाओ के बारे में सैध्दांतिक ज्ञान को वास्तविक से जोड़ने में मदद करता है,पी. सी.जी. महाविद्यालय के प्रबंधक प्रज्ञान गुप्ता प्राचार्य डॉ. दीपेश उपाध्याय,संस्था प्रबन्धक सतीश पटेल ने सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को यह व्यवहारीक ज्ञान छात्र-छात्राओं के शिक्षा में एक नई दिशा प्रदान करेगी और विद्यार्थी को रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रदान कराएगी।

### 15 देशी कट्टे सहित पिस्टल, मैगजीन और हथियार बनाने के उपकरण जब्त

# अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार








**धार।** ऑपरेशन प्रहार के तहत साइबर क्राइम ब्रांच और मनावर पुलिस ने बाकानेर क्षेत्र में दबिश देकर अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने हथियार फैक्ट्री से बड़ी संख्या में 12 बोर देशी कट्टे, अधबनी पिस्टल, मैगजीन सहित उपकरण जब्त किए है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मनावर पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों पर आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एसपी मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा किया। वही इसको लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है कि यह अवैध बंदूक का व्यापार कहा करते थे। गुरुवार को मनावर के बाकानेर चौकी प्रभारी अशविन चौहान को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बाकानेर में गुरुद्वारे के पीछे नाले के पास बने पुराने खंडहर में राहुल पंजाबी अपने साथयिों के साथ अवैध हथियारों का निर्माण कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर मनावर एसडीओपी अनु बेनिवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी ईश्वरसिंह चौहान के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने मौके से राहुल पिता किशोरसिंह पंजाब सिकलीगर, जगतसिंह पिता सेवासिंह भाटिया और अजयसिंह पिता भगतसिंह तीनों निवासी बाकानेर को गिरफ्तार कर उनके कब्जें से 4 देशी कट्टे, 6 अधबनी देशी पिस्टल, 2 जिंदा राउण्ड, 2 मैग्जीन व आर्म्स निर्माण फैक्ट्री के उपकरण जब्त किए है। जिनकी कीमत लाखों में आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी राहुल पंजाबी पर पूर्व में आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए थे।

### मेंटल डिटेक्टर से की जांच

कार्रवाई के बाद पुलिस टीम ने घटना स्थल का फरि निरीक्षण कर मेंटल डिटेक्टर से जांच की तो टीम को 11 नग अवैध देशी कट्टे मिले जिन्हें आरोपियों द्वारा आसपास छुपाकर बेचने के लिए रखे थे। वही जहां कार्रवाई की गई वहां अवैध रूप से बड़ी मात्रा में बारूद भी रखा हुआ था।

### इनकी रही भूमिका

संपूर्ण कार्यवाही में मनावर थाना प्रभारी ईश्वरसिंह चौहान, अश्विन चौहान, आरक्षक राहुल बांगर, अंकित, जितेंद्र जामकर, राकेश और फुलवंती की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, और पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण जोन अनुराग व उप महानिरीक्षक निमिष अग्रवाल द्वारा उक्त टीम की सराहना करते हुए टीम को पुरुस्कार देने की घोषणा की है।

### मुख्यमंत्री ने 3520 करोड़ की 880 मेगावाट की आगर-नीमच सौर परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# एक लाख सोलर पम्प देकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी सरकार





**नलखेड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूर्य ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है, सौर ऊर्जा सबसे अच्छी ऊर्जा है, आने वाले 2030 तक मध्यप्रदेश अपनी आवश्यकता की बिजली का आधा हिस्सा सौर ऊर्जा से प्राप्त करेगा, सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है, सरकार का प्रयास उद्योग, धन्धे, कृषि के लिए सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवाना है, आगर मे बनने वाली सौर ऊर्जा से रेल संचालित करने के लिए रेलवे विभाग को दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व अन्तर्गत आगर-मालवा जिले के सुसनेर में 3520 करोड़ की लागत से निर्मित 880 मेगावाट आगर और नीमच सौर परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिसमें आगर-मालवा जिले की लगभग 2200 करोड़ की लागत से निर्मित 550 मेगावाट सौर परियोजना एवं नीमच जिले की 1320 करोड़ की लागत से निर्मित 330 मेगावाट सौर परियोजना शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगर-मालवा जिले में 49.81 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

### मां बगलामुखी धाम को करेंगे रेल लाइन से जोड़ने का प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा झालावाड़ आगर उज्जैन रेल लाईन की सौगात दी गई है, मां बगलामुखी धाम को रेल लाइन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। आगर-मालवा जिले को लॉ कॉलेज की सौगात देकर उसका भूमि-पूजन भी किया गया। आगर जिले के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर नवकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से प्रमुख सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री जी को प्रतीक स्वरूप सूर्यनारायण भगवान की तस्वीर भेंट की।

### आगर कलेक्टर को दिया ढाई करोड़ का चेक

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर आगर एवं कलेक्टर नीमच को जिले में सौर ऊर्जा विकास के लिए ढाई-ढाई करोड़ रुपए की राशि के चेक दिए। कार्यक्रम को विधायक मधु गेहलोत ने सम्बोधित कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जिले में पिछले एक वर्ष में दी गई सौगातों के लिए आभार माना। मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में निर्मित 550 मेगावाट सौर परियोजना से भारतीय रेलवे को 7 राज्यों में बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चिंतामन राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्ना बाई चौहान, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी ,फूलचंद वेदियां, आदि जनपतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी संभागायुक्त उज्जैन संजय गुप्ता, आईजी उमेश जोगा, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी विनोद कुमार सिंह, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, एसडीएम आगर किरण बरबडे, संयुक्त कलेक्टर मिलिन्द ढ़ोके, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मनीषा कौल, अवनीश शुक्ला, अनीश कंसाना, पंकज तिवारी, विद्यानंद सेमलेट्टी, मैनेजिंग डायरेक्टर किशोर नायर, सीईओ अवाड़ा एनर्जी प्रशांत जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एमपी एग्रो जिला प्रबंधक ओपी विजयवर्गीय ने किया तथा आभार सीईओ जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा माना गया।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान

# आईटीआई कैंपस में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन



**झाबुआ।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत आईटीआई कैंपस में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 42 छात्रों को लर्निंग लाइसेंस दिए गए। आरटीओ कृतिका मोहटा ने बताया कि लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया शासन द्वारा फैसलेस की जा चुकी है, जिसे आवेदक स्वयं अपने मोबाइल से भी निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण कर बना सकते हैं। शेष बचे छात्रों को लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया ऑनलाइन चरणवार समझाई गई, जिससे वे स्वयं अपना लाइसेंस प्राप्त कर सके।



भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने मांधाता विधायक से की मंडी सचिव को हटाने की मांग

# मंडी सचिव और व्यापारियों की मिलीभगत से किसानों का हो रहा नुकसान

**मूंदी।** कृषि उपज मंडी मूंदी में पदस्थ मंडी सचिव और स्थानीय व्यापारियों की मिली भगत का आरोप लगाकर भारतीय किसान संघ ने गुरुवार को मांधाता विधायक नारायण पटेल को एक शिकायती पत्र सौंपा। इसमें किसान संघ ने आरोप लगाया है कि मंडी सचिव और स्थानीय व्यापारियों के बीच मिलीभगत के चलते किसानों का नुकसान होने के साथ-साथ शासन को भी नुकसान हो रहा है।

किसान संघने बताया कि मंडी सचिव की व्यापारियों से मिली भगत होने के किसानों को अपनी उपज का उचित दाम नहीं मिल रहा है इससे क्षेत्र का किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। भारतीय किसान संघ कि और से मंडी सचिव को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है।

### कलेक्टर से कर चुके हैं मांग

मूंदी मंडी सचिव के ऊपर व्यापारियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाकर तत्काल प्रभाव से हटाने को लेकर भारतीय किसान संघ पुनासा की ओर से जिला कलेक्टर खंडवा को भी एक आवेदन देकर मांग की गई है। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष सुभाष यादव ने बताया कि मूंदी उपमंडी सचिव कि मिलीभगत के चलते किसानो का शोषण हो रहा मंडी को हटाने को लेकर जिला कलेक्टर महोदय से भी मांग की गई है।

### इनका कहना है....

मूंदी मंडी सचिव को हटाने को लेकर जिला कलेक्टर महोदय एवं मांधाता विधायक महोदय से मांग की गई है समय सीमा में नहीं हटाए जाने की स्थिति में की भारतीय किसान संघ पुनासा में **धरना आंदोलन करेगा।**

सुभाष यादव, तहसील अध्यक्ष (भाकिसं)

मंडी प्रांगण में भारतीय किसान संघ द्वारा 5 रुपए में किसानों को भरपेट भोजन मिले, इस प्रकार का कैंटीन संचालित करने की मांग की गई थी। व्यापारियों से मिलीभगत संबंधित मेरे ऊपर निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं।

**हरेसिंग सोलंकी, सचिव, उपमंडी मूंदी**

आज होंगे सेमीफाइनल और फाइनल मैच

# खंडवा में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत



**खण्डवा।** खण्डवा में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि पढ़ेंगे लिखेंगे बनेंगे नवाब खेलेंगे कूदेंगे बनेंगे लाजवाब। विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने कहा कि खंडवा में बास्केटबॉल का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होना गौरवपूर्ण है। मैच के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज राय,पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा दिनेश पालीवाल ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि बास्केटबॉल ग्राउंड पर जो संकट आ रहा है, उसे दूर करें। कार्यक्रम में अनिल बाहेती सुनील जैन विजय सोनी,प्रदीप यादव,धीरज बरोले,भीम सिंह नीलकंठ विशेष रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन मोना दफ्तरी ने किया। आभार पन्ना गुप्ता ने माना।

### खंडवा और बैतूल ने जीते मैच

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया शुक्रवार को हुए खंडवा व बुरहानपुर के मैच में खंडवा 41 /3से विजेता रहा।बैतूल व उज्जैन के मैच में बैतूल 36/25 से विजेता रहा। खरगोन बुरहानपुर में खरगोन 31/14 से विजेता रहा। बैतूल व खंडवा में खंडवा 29 /16 से विजेता रहा । शुक्रवार को बालक व बालिकाओं के 14 मैच हुए। शनिवार को सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच होंगे। कल के मैच प्रातः 8:00 बजे से पुलिस ग्राउंड में प्रारम्भ हो जाएंगे।

किसानों को मिल रहा मैसेज, कब-कितना और कहां मिलेगा खाद

# इस बार बारकोड लगाकर भेजा जा रहा खाद, किसान भी भेज सकते हैं डिमांड

**शाजापुर।** इस बार खाद वितरण के लिए नई तकनीक अपनाई गई है। इसके तहत किसान एनआईसी के माध्यम से शाजापुर का कोड लगाकर 181 पर उर्वरक संबंधी डिमांड भेज सकता हैं। उसके बाद किसान को खाद की उपलब्धता का मैसेज भेजकर खाद वितरण किया जा रहा है। किसानों को किस डेट पर कहां से ओर कितना उर्वरक मिलेगा यह भी बताया जा रहा है।

इसके पहले किसानों को खाद के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लंबी लाईन में लगने के बाद भी कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। जिससे किसानों को समय और पैसे का नुकसान उठाना पड़ रहा था। लेकिन अब किसानों के लिए नई तकनीक अपनाई जा रही है। जिसमें किसान अब आसानी से खाद प्राप्त कर रहे हैं। इन किसानों को एनआईसी के माध्यम से खाद वितरित किया जा रहा है। इसके अनुसार किसान 181 पर डिमांड भेज सकते है। जिसके बाद उन्हें मैसेज भेजकर बताया जा रहा है कि वे कहां से, कब और कितना खाद प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों का समय भी बच रहा है और उन्हें समय से खाद भी मिल रहा है और वह भी पर्याप्त। प्रशासन का दावा है कि इस बार जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराया गया। कहीं भी किसानों को लाइन में नहीं लगना पड़ा। कृषि विस्तार अधिकारी डीआर मालवीय ने बताया कि साल 2024-25 में जिले में यूरिया का 35 हजार, डीएपी 12 हजार और एनपीके 18 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य था, जिसके तहत यूरिया का 28 हजार 507 मीट्रिक टन, डीएपी 10 हजार 34 और एनपीके 12 हजार 600 मेट्रिक टन का वितरण हो चुका है।

# रोहिणी कलम बनी देश की पहली महिला जु-जित्सू कोच

**देवास।** मध्य प्रदेश जू-जित्सू संघ के अध्यक्ष विजेंद्र खरसोदिया ने बताया कि एशियाई ओलंपिक परिषद जू-जित्सू एशियाई संघ के साथ मिलकर पहली बार अपने महाद्वीपीय सदस्य देशों के लिए जू-जित्सू विकास संगोष्ठी और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जहां 37 से अधिक देशों के 132 कोच एवं रेफरी ने इस आयोजन में हिस्सा लिया जो 10 से 16 दिसंबर 2024 तक अबू धाबी में आयोजित किया गया। जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार जोशी एवं राष्ट्रीय महासचिव अमित अरोड़ा द्वारा बताया गया कि रोहिणी कलम द्वारा पहली भारतीय महिला कोच के रूप में इस डेवलपमेंट प्रोग्राम में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पहली महिला अंतरराष्ट्रीय कोच की उपाधि प्राप्त की है। वही रेफरी के रूप में उत्तराखंड की नव्या पांडे महाराष्ट्र के बालकृष्ण शेट्टी एवं कोच के रूप में हरियाणा के अमरजीत लोहान ने एशियाई ओलंपिक परिषद द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र प्राप्त किए है। रोहिणी कलम ने बताया कि ओलंपिक की वर्दी पहनना सिर्फ देश का प्रतिनिधित्व करने के बारे में नहीं है - यह वर्षों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता, समर्पण और खेल के प्रति अटूट प्रेम का परिणाम है। हर खिलाड़ी को यह विशेषाधिकार नहीं मिलता है, और मैं इसे बहुत गर्व और कृतज्ञता के साथ पहनती हूँ। यह उस यात्रा के लिए है जिसने मुझे यहाँ तक पहुँचाया और इस सपने को पूरा करने वाले हर एथलीट के लिए है मैं अपने गुरु विजेंद्र खरसोदिया ,अपने माता-पिता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार जोशी एवं महासचिव अमित अरोड़ा एवं संस्था के समस्त पदाधिकारी का धन्यवाद प्रकट करना चाहती हूं कि आज उनकी मेहनत से मुझे यह उपाधि प्राप्त हुई है।

रोहिणी कलम की उपलब्धि पर उपलब्धि पर मध्यप्रदेश जु -जित्सु संघ के मुख्य संरक्षक गायत्री राजे पवार विधायक देवास, ,श्रीमंत विक्रम सिंह पवार, मनोज चौधरी विधायक हाटपिपलिया, जिला खेल एवं युवा के कल्याण विभाग अधिकारी बाथम , जावेद खान, मध्य प्रदेश जू-जित्सू संघ के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह सोलंकी, प्रेम परमार, रजनीश साहू , विजेंद्र राणा,अजय कुंभकार ,मनोज मालवीय जितेंद्र पाटीदार, रश्मि कलम ,वैदेही शर्मा ऋषभ त्रिवेदी, ऋतिक सोलंकी, रेणुका कलम, अनिकेत चौधरी,वेदांत खरसोदिया, भादर सिंह सोलंकी, शिवपाल पटेल ,उमा पाटीदार, जगदीश खरसोदिया आदि ने शुभकामनाएं दी।

फसलों को पहुंचा रहे नुकसान झुंड, किसान परेशान

# सारंगपुर क्षेत्र के गांवों में जंगली हिरणों का आतंक



**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में जंगली जानवर खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र में हिरणों की संख्या ज्यादा है और झुंड खेतों में घूमते हैं, जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं। जिससे किसानों को हर वर्ष नुकसान उठाना पड़ता है।

इन दिनों खेतों में रबी सीजन की फसल लहलहाने लगी है और इस फसल को हिरणों के झुंड खराब कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हिरणों की संख्या इतनी ज्यादा है कि किसानों को फसल बचाना भी मुश्किल हो जाता है। किसान खेतों से हिरणों को भगाते है, लेकिन थोड़ी देर बाद वे फिर से खेतों में आ जाते है। इससे किसान काफी परेशान हैं।

किसानों ने बताया कि रोजाना खेतों पर इन जंगली जानवरों को देखने जाना पड़ता है। इन जानवरों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने का डर बना रहता है। कम से कम 50 से 60 हिरणों का झुंड एक साथ आकर खेतों में फसलों पर बैठ जाते हैं, जिससे जिस जगह झुंड बैठता है, वहां की पूरी फसल मचा देते हैं और फसलों को खा जाते है। हिरणों के निकलने के बाद फसल जमीन में धंस जाती है। रात के समय भी खेतों में रखवाली करनी पड़ रही है। यदि रखवाली नहीं करेंगे तो फसल सुरक्षित नहीं रहेगी। दिनों-दिन जंगल कम होने के कारण जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्र और खेतों की ओर आने लगे हैं। खेतों में जानवरों को भोजन, पानी मिल जाता है। खेतों में चलने वाले ट्यूबवेलों से इन्हें पानी मिल जाता है और कई बार यह कुत्तों के शिकार भी बन जाते हैं।

# क्रिसमस: प्रेम, सेवा और भाईचारे का सार्वभौमिक संदेश



**हर वर्ष 25 दिसंबर को विश्वभर में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व केवल ईसाई धर्म का नहीं, बल्कि मानवता, प्रेम और सेवा का उत्सव है। भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में, जहां विविध धर्म और परंपराएं सहअस्तित्व में हैं, क्रिसमस का संदेश विशेष महत्व रखता है।**

भारत में, जहां त्योहारों को केवल धर्म तक सीमित नहीं रखा जाता, वहीं क्रिसमस भी सबको जोड़ने वाला एक ऐसा पर्व बन गया है जो न केवल यीशु मसीह के जीवन और विचारों को याद करता है, बल्कि समाज में भाईचारे, सेवा और दया के महत्व को भी रेखांकित करता है

क्रिसमस और भारतीय संस्कृति का संगम

भारत में त्योहारों का अर्थ केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और एक-दूसरे के प्रति करुणा और प्रेम का संदेश देना है। क्रिसमस भी इन्हीं आदर्शों को बढ़ावा देता है।

1. प्रेम का महत्वः भारतीय संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकम्' (पूरी दुनिया एक परिवार है) का आदर्श दिया गया है। क्रिसमस भी इसी भावना को बढ़ावा देता है।

2. सेवा की परंपराः भारत में संतों और महापुरुषों ने सेवा को धर्म का सबसे बड़ा कार्य बताया है। यीशु मसीह ने अपने जीवन में इसे अपनाया, जो भारतीय मूल्यों के अनुरूप है।

3. सांप्रदायिक सौहार्दः क्रिसमस न केवल ईसाइयों का त्योहार है, बल्कि यह विभिन्न धर्मों के लोगों के लिए एकता और शांति का प्रतीक बन गया है।

भारत में क्रिसमस की परंपराएं

भारत में क्रिसमस अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि इसे एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

1. प्रार्थना सभाएंः चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की जाती हैं, जो समाज में शांति और भाईचारे की कामना करती हैं।

2. सांस्कृतिक मेलजोलः बड़े शहरों से लेकर छोटे गांवों तक, लोग क्रिसमस ट्री सजाते हैं, उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं, और मिलकर त्योहार की खुशी मनाते हैं।

3. खास पकवानः क्रिसमस केक, प्लम केक, और पारंपरिक मिठाइयों का आनंद हर धर्म के लोग उठाते हैं।

## क्रिसमस का सार्वभौमिक संदेश

यीशु मसीह का जीवन त्याग, सेवा और सत्य का प्रतीक है। उन्होंने सिखाया कि सभी मनुष्य समान हैं और एक-दूसरे की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है। यह शिक्षा भारतीय समाज के आदर्शों से मेल खाती है।

### 1. परिवार और समाज को जोड़ने का पर्वः

भारतीय त्योहारों की तरह, क्रिसमस भी परिवार और समाज के लोगों को जोड़ता है। यह त्योहार बताता है कि असली खुशी दूसरों को खुश करने में है।

### 2. प्रकृति और आध्यात्मिकता का सम्मानः

भारत में प्रकृति को पूजनीय माना गया है। क्रिसमस का प्रतीक क्रिसमस ट्री हमें पेड़-पौधों और पर्यावरण के महत्व को समझने का मौका देता है।

### 3. जरूरतमंदों की मददः

भारतीय परंपरा में 'दान' का महत्व है। क्रिसमस भी यही सिखाता है कि जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है।

### क्रिसमस का भारतीय संदर्भ में महत्व

आज, जब समाज में भेदभाव, असमानता और हिंसा बढ़ रही है, क्रिसमस का प्रेम और शांति का संदेश बेहद प्रासंगिक है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि धर्म का असली उद्देश्य मानवता की सेवा करना और शांति को बढ़ावा देना है।

## संदेशः

क्रिसमस केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा और भाईचारे का उत्सव है। भारत जैसे देश में, जहां त्योहार एकजुटता का प्रतीक हैं, क्रिसमस हमें मानवता के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। इस क्रिसमस पर, आइए हम सब मिलकर समाज में प्रेम, शांति और सेवा का दीप जलाएं। यही यीशु मसीह का संदेश है और यही भारतीय संस्कृति की आत्मा है।



आपका गोपाल गावंडे
(प्रबंध संपादक, रणजीत टाइम्

जन विश्वास विधेयकः मप्र में विकास और सुशासन के नए अध्याय की शुरुआत

# छोटी गलतियां अब अपराध नहीं...

रणजीत टाइम्स

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में जन विश्वास विधेयक पास किया गया है। यह मध्य प्रदेश के लिए ऐतिहासिक कदम है। इस विधेयक से आम जनता और उद्यमियों के लिए जीवन और व्यवसाय को आसान बनाना है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि न्याय की प्रक्रिया इतनी सरल हो कि आम नागरिक और व्यापारी बिना किसी परेशानी के अपने काम कर सके। इस विधेयक से शासन की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता आएगी। साथ ही मध्यप्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसरों में भी तेजी से बढ़ोतरी होगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इस विधेयक के जरिए राज्य में विकास और सुशासन के नए अध्याय की शुरुआत होगी।

केंद्र सरकार के जन विश्वास अधिनियम, 2023 से यह विधेयक प्रेरित है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर 42 केंद्रीय अधिनियमों में 183 प्रावधानों को अपराध-मुक्त किया। इसने छोटे अपराधों को गैर-अपराधीकरण करते हुए, दंड प्रणाली को तर्कसंगत बनाया और नागरिकों व उद्यमियों के लिए नियामकीय बाधाओं को दूर किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस विधेयक को राज्य की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग रैंकिंग को और मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक मध्यप्रदेश में शासन और विकास का नया अध्याय लिखेगा, जिससे निवेश बढ़ेगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।



### विधेयक में किए हैं कई महत्वपूर्ण सुधार

सरकार ने विधेयक में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। अब छोटे अपराधों के लिए जेल भेजने की अपेक्षा जुर्माने से दंडित किया जाएगा। पुराने और जटिल कानूनों को हटाकर, कानूनी ढांचे को समय के अनुसार अपडेट किया गया है। इससे आम जनता और उद्यमियों को यह विश्वास होगा कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनके काम को आसान बनाना चाहती है।

### पहले ही लागू किए जा चुके हैं सुधार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य में कई सुधार पहले ही लागू किए जा चुके हैं। सरकार ने 920 पुराने और अतार्किक हो चुके कानूनों को खत्म किया है, जिससे कानूनी प्रक्रिया सरल और तेज हुई है। स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे युवाओं और महिलाओं के स्टार्ट-अप में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि यह विधेयक न केवल एक कानूनी बदलाव है, बल्कि जनता और सरकार के बीच भरोसे का एक मजबूत पुल है।

### व्यावसायिक क्षेत्र में काम होगा आसान


वहीं, व्यावसायिक क्षेत्र में काम आसान एवं त्वरित गति से होंगे। महिला नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप में 157% और कुल स्टार्ट-अप में 125% वृद्धि। GIS आधारित भूमि आवंटन प्रणाली और संपदा 2.0 जैसी पहलों से प्रक्रिया सुगम बनी। विधेयक में राज्य के 05 विभागों के 08 अधिनियमों में 64 उपबंधों में संशोधन है। जन विश्वास विधेयक लागू होने से छोटे अपराधों का गैर-अपराधीकरण होने से न्यायपालिका का भार कम होगा। अनुपातिक और प्रभावी दंड व्यवस्था लागू होगी। अनुपालन प्रक्रिया को सरल होने से व्यवसाय-अनुकूल वातावरण बनेगा जिससे उद्यमशीलता को प्रोत्साहन मिलेगा। यह विधेयक न केवल कानूनी प्रक्रिया में सुधार है, बल्कि यह नागरिकों और उद्यमियों के लिए सरकार के विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। मध्यप्रदेश जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक-2024, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शिता और सुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### कानून होंगे सरल

मोहन यादव ने कहा कि जब कानून सरल होंगे और अनुपालन में कठिनाई नहीं होगी, तो निवेश भी बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यह पहल मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। सरकार का यह प्रयास राज्य में शासन और विकास का एक नया मॉडल पेश करेगा, जिससे हर वर्ग को लाभ होगा।

### ये हुए हैं प्रमुख संशोधन

विधेयक में राज्य के 5 विभागों (औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, ऊर्जा, सहकारिता, श्रम, नगरीय विकास एवं आवास) के 8 अधिनियमों में 64 धाराओं में संशोधन किया गया है। इनमें कारावास को जुमार्ने में बदलने, दंड को शास्ति में परिवर्तित करने और कंपाउंडिंग (शमन) प्रावधान जोड़ने जैसे सुधार शामिल हैं। अप्रचलित कानूनों का उन्मूलनः 920 अप्रचलित अधिनियम समाप्त किए गए।



## युवक को लात-घूंसों से पीटते हुए थाने ले गई पुलिसः टीआई बोले- सूबेदार को धक्का दिया, गाली-गलौज की

### युवक का आरोप- थाने में भी पीटा





ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। पुलिस एक युवक को सड़क पर पीटते हुए थाने ले गई। यातायात थाने के बाहर का पुलिसकर्मी और युवक का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव की मौजूदगी में सूबेदार अरुण जादौन और अन्य पुलिसकर्मी युवक को पीटते हुए थाने की ओर ला रहे हैं।

एक अन्य वीडियो में युवक घुटनों के बल बैठकर थाना प्रभारी से निर्दोष होने की बात कह रहा है। जिसके बाद थाना प्रभारी युवक पर गाली देने का आरोप लगा रहे हैं। दोनों वीडियो 12 दिसंबर के बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, युवक के साथ मारपीट के बाद सूबेदार अरुण यादव ने उसके खिलाफ कोतवाली थाना में एफआईआर कराई।

एफआईआर में लिखा है- तेंदुआ थाना क्षेत्र के मितौजी गांव के रहने वाले परमाल रावत को यातायात थाने के बाहर चालान के लिए रोका गया था। युवक गाली गलौज करने लगा। बाइक में आग लगा देने की बात करने लगा। सूबेदार को धक्का भी दिया। कोतवाली पुलिस ने परमाल रावत के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। युवक बोला- थाने में बंद करके भी पीटा

परमाल रावत का कहना है कि मैं 12 दिसंबर को कोर्ट जा रहा था। यातायात थाने के बाहर पुलिसकर्मियों ने रोक लिया। मेरे पास चालान के लिए पैसे नहीं थे। वकील का फोन आने पर मैं बाइक छोड़कर जाने लगा। मैंने पुलिस से कहा कि बाइक रख लो और आग लगा दो। इसी बात पर पुलिसकर्मी भड़क गए। मुझे पीटते हुए थाने ले गए। थाने में भी पीटा।

परमाल ने बताया, मैंने गाली नहीं दी थी। इसके बावजूद माफी मांगते हुए छोड़ देने की गुहार लगाई। पिटाई के बाद मेरे खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया।

पुलिस बोली- युवक आपराधिक प्रवृत्ति का यातायात थाना प्रभारी रणवीर यादव का कहना है कि जो वीडियो वायरल हुआ है वह अधूरा है। पहले युवक ने पुलिस से धक्कामुक्की और गालीगलौज की। युवक के खिलाफ कोतवाली में मामला भी दर्ज है। थाने में उसके साथ कोई मारपीट नहीं हुई है। वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई

एसपी अमन सिंह राठौड़ का कहना है कि 12 दिसंबर को वाहन चेकिंग के दौरान युवक ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई और धक्कामुक्की की थी। एक सूबेदार घायल हुआ था। इस पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। युवक के साथ जो मारपीट का वीडियो सामने आया है, उसकी जांच एएसपी को सौंपी गई है। जांच के बाद मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## छोटे साहिबजादों की याद में मनाया जाएगा वीर बाल दिवस

**सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। छोटे साहिबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और सिर श्रद्धा से झुक जाता है। देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐलान के बाद ही 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस पूरे देश-विदेश में मनाया जाता है। गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब उस स्थान पर खड़ा है, जहां साहिबजादों ने आखिरी सांस ली। अमनदीप सिंह की रिपोर्टः**



# सिख इतिहास की सबसे बड़ी शहादतः जानें क्यों मनाया जाता है शहीदी सप्ताह ?

### क्या है इस पूरे हफ्ते का इतिहास

**मुगलों ने** अचानक आनंदपुर साहिब के किले पर हमला कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी मुगलों से लड़ना चाहते थे, लेकिन अन्य सिखों ने उन्हें वहां से चलने के लिए कहा। इसके बाद गुरु गोबिंद सिंह के परिवार सहित अन्य सिखों ने आनंदपुर साहिब के किले को छोड़ दिया और वहां से निकल पड़े। जब सभी सरसा नदी को पार कर रहे थे तो पानी का बहाव इतना तेज हो गया कि पूरा परिवार बिछड़ गया। बिछड़ने के बाद गुरु गोबिंद सिंह व दो बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह व बाबा जुझार सिंह चमकौर पहुंच गए। वहीं, माता गुजरी, दोनों छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह और गुरु साहिब के सेवक रहे गंगू गुरु साहिब व अन्य सिखों से अलग हो गए। गंगू इन सभी को अपने घर ले गया लेकिन उसने सरहिंद के नवाज वजीर खान को जानकारी दे दी जिसके बाद वजीर खान माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादों को कैद कर लिया।

**22 दिसंबर** को चमकौर की लड़ाई शुरू हुई जिसमें सिख और मुगलों की



फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारा

सेना आमने-सामने थी। मुगल बड़ी संख्या में थे लेकिन सिख कुछ ही थे। गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों में हौसला भरा और युद्ध में डटकर सामना करने को कहा। यह युद्ध अगले दिन भी चलता रहा। युद्ध में सिखों को शहीद होता देखा दोनों बड़े साहिबजादों बाबा अजीत सिंह व बाबा जुझार सिंह ने एक-एक कर युद्ध में जाने की अनुमति गुरु साहिब से मांगी। गुरु साहिब ने उन्हें अनुमति दी और उन्होंने एक के बाद एक मुगल को मौत के घाट उतारना शुरू किया। इसके बाद वह दोनों भी शहीद हो गए।

**24 दिसंबर** को गुरु गोबिंद सिंह जी भी इस युद्ध में उतरना चाहते थे लेकिन अन्य सिखों ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए गुरु साहिब जो युद्ध में उतरने से रोक दिया और उन्हें वहां से जाने को कहा। मजबूरन गुरु साहिब को वहां से निकलना पड़ा। इसके बाद वह सिख मैदान में लड़ते हुए शहीद हो गए। यहां से निकलने के बाद गुरु गोबिंद सिंह जी एक गांव में पहुंचे जहां उन्हें बीबी हरशरन कौर मिलीं जो गुरु साहिब को आदर्श मानती थीं। उन्हें जब युद्ध में शहीद हुए सिखों व साहिबजादों की जानकारी मिली तो वह चुपके से चमकौर पहुंचीं और शहीदों का अंतिम संस्कार करना शुरू किया जबकि मुगल यह नहीं चाहते थे। वह चाहते थे कि चील-गिद्ध इन्हें खाएं। जैसे ही मुगल सैनिकों ने बीबी हरशरण कौर को देखा, उन्हें भी आग के हवाले कर दिया और वह भी शहीद हो गईं।

**26 दिसंबर** को सरहिंद के नवाज वजीर खान ने माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को ठंडा बुर्ज में खुले आसमान के नीचे कैद कर दिया। वजीर खान ने दोनों छोटे साहिबजादों को अपनी कचहरी में बुलाया और डरा-धमकाकर उन्हें धर्म परिवर्तन करने को कहा लेकिन दोनों साहिबजादों ने 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारे लगाते हुए धर्म परिवर्तन करने से मना कर दिया। वजीर खान ने फिर धमकी देते हुए कहा कि कल तक या तो धर्म परिवर्तन करो या मरने के लिए तैयार रहो।

**27 दिसंबर** को अगले दिन ठंडे बुर्ज में कैद माता गुजरी ने दोनों साहिबजादों को बेहद प्यार से तैयार करके दोबारा से वजीर खान की कचहरी में भेजा। वजीर खान ने उन्हें धर्म परिवर्तन करने को कहा लेकिन छोटे साहिबजादों ने मना कर दिया और जयकारे लगाने लगे। यह सुन वजीर खान तिलमिला उठा और दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवाने का हुक्म दे दिया और साहिबजादों को शहीद कर दिया। यह खबर जैसे ही माता दादी माता गुजरी के पास पहुंची, उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिए।

## करनैल राणा ने दिलाई हिमाचल की याद

### बाबा बालक नाथ का किया गुणगान

**विस, नई दिल्लीः** हिमाचलियों की संस्था हिम सामाजिक संगठन की ओर से 22 दिसंबर को पीतमपुरा के वेस्ट एनक्लेव में जय जगदम्बे टेंट में हिमाचलियों के ईष्ट देव बाबा बालक नाथ जी की महिमा को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**पीतमपुरा के वेस्ट एनक्लेव में नजर आई हिमाचल की धार्मिक संस्कृति**

संगठन की ओर से आयोजित चतुर्थ सर्व सिद्ध श्री बाबा बालक कार्यक्रम में देवमय माहौल दिखा।

हिम सामाजिक संगठन के प्रधान कुलवंत राणा ने बताया कि बाबा बालक नाथ जी के जागरण का गुणगान हिमाचल के मशहूर गायक करनैल राणा किया। इस दौरान काफी तादाद में लोग पहुंचे और उन्होंने करनैल राणा के गीतों का आनंद लिया। इस मौके पर भक्तों के लिए बाबा जी के रोट और हिमाचली धाम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को राजेश ठाकुर ने होस्ट किया।



पीतमपुरा के वेस्ट एनक्लेव में मशहूर गायक करनैल राणा ने समां बांध दिया, जिसका लोगों ने खूब आनंद लिया

## भिखारी ठाकुर जयंती पर कवि सम्मेलन

**प्रस, नई दिल्लीः** लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की 137वीं जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी और भोजपुरी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। भिखारी ठाकुर स्मृति न्यास और भोजपुरी समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भिखारी ठाकुर स्मृति न्यास के सचिव और कवि केडी पाठक ने भिखारी ठाकुर को भक्ति परंपरा का कवि बताया। इस दौरान कवि विनय विनम्र, वीणा वादिनि चौबे, संजू मिश्रा, अजीत दुबे, शिव दत्त ठाकुर, मोरध्वज राय, राकेश सिसोदिया, संजय प्रसाद, सत्यम भारतीय, संतोष कुमार सिंह, अखिलेश राय शामिल हुए।

# बदहाली पर LG के सवाल, AAP ने कहा- हर कमी को दूर करेंगे

## CM आतिशी ने रंगपुरी पहाड़ी जाकर लोगों से मुलाकात की

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**उप-राज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने रंगपुरी पहाड़ी और कापसहेड़ा इलाके की बदहाली को देखकर बेहद नाराजगी जताई। उन्होंने सीएम और सरकार के मंत्रियों से आकर इन इलाकों का दौरा करने की अपील भी की। स्थानीय लोगों को भरोसा दिया कि वह खुद निगरानी करके यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थिति में जल्द से जल्द सुधार हो। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए हैं।

**LG की मंत्रियों से इलाकों का दौरा करने की अपील**

वहीं, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'मैं एलजी साहब का तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उन्होंने जो भी कमियां निकाली हैं, उन सारी कमियों को हम दूर करेंगे। मुझे याद है कि वह नांगलोई-मुंडका रोड पर भी गए थे। उन्होंने कहा था कि वहां पर गड्ढे हैं। अब वहां सड़क बननी चालू हो गई है और थोड़े दिन में मुख्यमंत्री आतिशी वहां जाकर उसका शुभारंभ भी करेंगी। आज भी उन्होंने जो बताया है, हम वहां सफाई कराएंगे। मेरा एलजी साहब से निवेदन है कि वह हमें हमारी कमियां बताएं और हम वो सारी कमियां दूर करेंगे।' उधर, शाम को सीएम आतिशी ने रंगपुरी पहाड़ी जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानीं। कहा कि सड़क और बिजली की समस्या का जल्द समाधान होगा।



LG ने एक्स पर विडियो शेयर कर रंगपुरी पहाड़ी और कापसहेड़ा इलाके की बदहाली पर सरकार को घेरा। सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

### दिल्ली में महिलाओं को 1000 रुपये और बुज़ुर्गों के फ्री इलाज के लिए आज से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और वॉलंटियर्स सोमवार से मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि और बुजुर्गों के फ्री इलाज की संजीवनी योजना के लिए घर-घर जाकर रजिस्ट्रेशन शुरू करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इसकी घोषणा की। साथ ही रजिस्ट्रेशन के बाद लोगों को दिया जाने वाला 'केजरीवाल कवच कार्ड' भी लॉन्च किया। कार्यकर्ता महिलाओं और बुजुर्गों की जानकारी लेकर उन्हें एक कार्ड देंगे। 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को योजना के तहत हर महीने 2100 रुपये की आर्थिक



लोगों को दिया जाने वाला 'केजरीवाल कवच कार्ड' भी लॉन्च किया गया।

सहायता देने का ऐलान किया गया है। योजना को कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन कैबिनेट में फिलहाल 1000 रुपये देने का प्रस्ताव पास किया गया है। वहीं, 60 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों का फ्री इलाज किया जाएगा।

# आज

### मध्य रात्रि को विशेष प्रार्थनाओं का आयोजन किया जायेगा




अनिल चौधरी

**पूजन विधि के उपरांत खीस्तमस पर्व की खुशी और उल्लास को बांटते हुए कैरोल गीत गाये जायेंगे....**

इंदौर। इस दौरान नन्हें बालक बालिकाएं प्रभु ईसा के जन्म की घटना को नाटिका के रूप में प्रदर्शन करेंगे। यह प्रत्येक विश्वासी के मन में बाल येसु के प्रति भक्ति और श्रध्दा को और दृ ढ़ता प्रदान करती है। तत्पश्चात पवित्र मिस्सा बलिदान का शुभारम्भ होगा। महिमा गान के समय घंटियों की ध्वनियों से सारा गिरजाघर गूंज उठेगा। पवित्र वेदी के सम्मुख बनी चरनी में बालक येसु की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। यह प्रभु ईसा मसीह के जन्म की घटना को विश्वासियों के मन और दिल में जीवतता महसूस कराती है।

इंदौर शहर में तकरीबन 9 कैथोलिक गिरजाघर कैथेड्रल, पुष्पनगर, पिपल्याकुमार, सुखलिया, नंदानगर, पालदा, विजयनगर, नन्दबाग, बेटमा आदि है जहाँ पर भी मध्य रात्रि की विशेष प्रार्थनाओं का आयोजन किया जायेगा। बिशप थॉमस जी ने कहा, इस साल का विषय है 'आशा के तीर्थयात्री'। यह समस्त ईसाई समाजजन के लिए बहुत ही उपयुक्त शीर्षक है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम इस धारा पर तीर्थयात्री हैं। हमें नन्हा बाल येसु यही सन्देश देता है कि हम आशा के तीर्थयात्री बनें। खीस्तमस पर्व की खुशी में आशा और उम्मीद को कायम रखें ताकि निराशाजनक परिस्तिथियों में आशा के दीप बनें। जन संपर्क अधिकारी फा. सुमित ताहिर ने बताया कि इस साल के विषय 'आशा के तीर्थयात्री को ध्यान में रखते हुए, बरनी को नाव में प्रतीकात्मक रूप से बनाया गया है। हमारी जीवन यात्रा प्रभु येसु के मार्गदर्शन में हम सभी अनंत जीवन को ओर अग्रसर है। खीस्तमस महापर्व खुशी और उल्लास का माहौल होता है। किन्तु इस खुशी में हम यह ना भूले हम सभी तीर्थयात्री हैं। हमें एक दूजे को साथ में लेकर चलना हैं क्योकि सभी का आखरी लक्ष्य परमात्मा में अनंत।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )